पत्रांक : BRLPS/LSBA/Proj/18/17/205 **दिनांक :** 07.08.2020

प्रेषक,

राजीव कुमार सिंह, बि०प्र०से०,
प्रशासी पदाधिकारी-सह- राज्य समन्वयक ।

सेवा में,

सभी उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष,
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार ।

विषय: **दिनांक 20 जुलाई, 2020 के उपरांत सामुदायिक स्वच्छता परिसर के निर्माण एवं जिओ-टैगिंग कार्य में प्रगति लाने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 20 जून, 2020 को बिहार राज्य के खगड़िया जिला के तेलहर पंचायत से गरीब कल्याण रोजगार अभियान की शुरूआत की गयी है एवं इस अभियान के प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है। इस क्रम में राज्य कार्यालय द्वारा गरीब कल्याण रोजगार अभियान अंतर्गत जिलों को पूर्व में उपलब्ध कराये गये लक्ष्य के विरूद्ध कार्य प्रगति के संबंध में ससमय सामुदायिक स्वच्छता परिसर के निर्माण से संबंधित कार्य प्रगति की समीक्षा भी की गयी है जो वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अपेक्षानुरूप नहीं है। अतः लक्षित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु निदेशानुसार निम्न बिन्दुओं पर अग्रेतर कार्य किया जाना है :-

1. निर्मित सामुदायिक स्वच्छता परिसर का जिओ-टैगिंग प्रखंड समन्वयक/प्रभारी प्रखंड समन्वयक के द्वारा ही किया जाना है।
2. दिनांक 20 जून, 2020 के उपरांत वैसे सामुदायिक स्वच्छता परिसर जिनका निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है एवं जिओ-टैगिंग शेष है, उन सभी सामुदायिक स्वच्छता परिसर का जिओ-टैगिंग तीन दिनों के अन्दर किया जाना है।

सूचनार्थ प्रेषित।

विश्वासभाजन

(हस्ताक्षर) 07/08/2020

(राजीव कुमार सिंह)

ज्ञापांक : BRLPS/LSBA/Proj/18/17/205 **दिनांक :** 07.08.2020

प्रतिलिपि : सभी जिला समन्वयक एवं जिला सलाहकार, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपि : सभी जिला पदाधिकारी-सह-उपाध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ प्रेषित ।

(हस्ताक्षर) 07/08/2020

(राजीव कुमार सिंह)